प्रादेशिक समाचार बुलेटिन,
आकाशवाणी, लखनऊ।

प्रसारण तिथि : 02.07.2026 प्रसारण समय : 19:20 बजे

मुख्य समाचार :–

1. अयोध्या के श्रीराम मंदिर चढ़ावा मामले में जांच के लिये एसआईटी आज दोबारा पहुंची अयोध्या : बार एसोसिएशन ने ट्रस्ट के पदाधिकारियों के खिलाफ दी तहरीर।
2. उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने प्रयागराज में वीबी–जी राम जी अधिनियम के शुभारंभ कार्यक्रम को किया संबोधित : कहा– ग्रामीण भारत में श्रम को सम्मान और गांवों के विकास को रफ्तार देने का माध्यम बनेगी योजना।
3. शिक्षक पात्रता परीक्षा–यूपीटीईटी का पहला दिन आज शांति पूर्वक ढंग से संपन्न : 60 जिलों में 955 परीक्षा केंद्रों पर अगले दो दिनों तक होगी परीक्षा।

और

4. प्रदेश में मानसून ने लोगों को भीषण गर्मी से दी राहत : मौसम विभाग ने अगले तीन दिनों में प्रदेश के पूर्वी और पश्चिमी हिस्सों में बारिश का जताया अनुमान।

———————

अयोध्या के श्रीराम मंदिर चढ़ावा मामले की जांच के सिलसिले में आज एकबार फिर एसआईटी की टीम अयोध्या पहुंची। जांच को आगे बढ़ाते हुए टीम विभिन्न बिंदुओं पर पड़ताल कर रही है। मामले की जांच अवधि 15 जुलाई तक बढ़ा दी गई है। अयोध्या विकास प्राधिकरण ने राम मंदिर

चढ़ावा मामले में आरोपी लवकुश मिश्रा से जुड़ी एक निर्माणाधीन संपत्ति पर नोटिस जारी किया है। एडीए के सचिव ने बताया कि भवन निर्माण नियमों के संदिग्ध उल्लंघन के कारण नोटिस जारी किया गया है। पेश है एक रिपोर्ट.....

*एडीए की ओर से नोटिस जिस निर्माणाधीन संपत्ति को दिया गया है, वह लवकुश मिश्रा की पत्नी सुप्रिया मिश्रा के नाम पर दर्ज है। नोटिस में एक सप्ताह के भीतर जवाब देने और यह बताने को कहा गया है कि भवन का नक्शा प्राधिकरण से स्वीकृत है या नहीं। उधर, अयोध्या अधिवक्ता संघ ने चौकी सिविल लाइन में ट्रस्ट के महासचिव चंपत राय, ट्रस्टी अनिल मिश्रा, गोपाल राव समेत अन्य के खिलाफ तहरीर दी है। बाइट......*

*अभी एफआईआर लिखने की बात चल रही है। आंदोलन के लिए मीटिंग होगी। आंदोलन असहजित करने लायक होगा तो असहजित होगा। अगर कॉपी नहीं मिलेगी तो आगे बढ़ेगा।*

*अधिवक्ता संघ का कहना है कि दस्तावेजों की जांच के आधार पर नामों में बदलाव भी किया जा सकता है। तन्मय सोनी, आकाशवाणी समाचार, अयोध्या।*

——————————

केंद्रीय ग्रामीण विकास, कृषि और किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा है कि विकसित भारत – रोजगार और आजीविका मिशन–ग्रामीण विकसित भारत जी राम जी अधिनियम, 2025 देश में रोजगार सुनिश्चित करने, ग्रामीण आजीविका को मजबूत करने और गांवों के विकास में तेजी लाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। श्री चौहान ने आज तिरुपति में विकसित भारत–जी राम जी अधिनियम, 2025 का शुभारंभ किया। सभा को संबोधित

करते हुए उन्होंने कहा कि योजना का उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि कोई भी गरीब मजदूर बेरोजगार न रहे और सभी को रोजगार मिले। बाइट.....

*मनरेगा में केवल सौ दिन रोजगार मिलता था। विकसित भारतजीरामजी योजना में पूरे 125 दिन मजदूर कोरोजगार मिलेगा और रोजगार देने की बात प्रधानमंत्री ऐसे नहीं कह रहे हैं। पहले सालही विकसित भारत जीरामजी योजना में केंद्र ने जो अपना पैसा दिया है वो है 95 हजार छह सौ करोड़रूपया और राज्यों का 40 परसेंट शेयरमिलेगा तो एक साल में ही खर्च होंगे एक लाख 51 हजार 282 करोड़ रूपया।*

इसी क्रम में प्रदेश के उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने प्रयागराज में विकसित भारत– गारंटी फॉर रोजगार और आजीविका मिशन ग्रामीण योजना के शुभारंभ के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि वीबी–जी राम जी योजना ग्रामीण भारत में श्रम को सम्मान, गरीब को संबल और गांवों के सतत विकास को नई रफ्तार देने का सशक्त माध्यम बनेगी और पारदर्शिता को सुनिश्चित करेगी। बाइट......

*पहले वर्ष में 100 दिन रोजगार की गारंटी होती है। लेकिन विकसित भारत जी राम जी में 125 दिन रोजगार की गारंटी देने का काम किया है। देश के माननीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी ने कहा है कि हम विकसित भारत बनाएंगे और हमारे मुख्यमंत्री आदरणीय योगी आदित्यनाथ जी के नेतृत्व में हम आपको आश्वस्त करते हैं कि हम विकसित उत्तर प्रदेश भी बनाएंगे।*

*लेकिन विकसित उत्तर प्रदेश के साथ–साथ हम आप सबको आश्वस्त करना चाहते हैं कि ये जो विकसित भारत जी राम जी के रूप में आपके गांव के विकास के लिए भारत सरकार बहुत का भी योजना अब आप सब विकसित भारत विकसित उत्तर प्रदेश और विकसित ग्राम सभा बनेगी।*

———————————

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ  कल लखनऊ के इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में आयोजित होने वाले तीन दिवसीय उत्तर प्रदेश आम महोत्सव –2026 का शुभारंभ करेंगे। महोत्सव में 07 श्रेणियों और 56 वर्गों में लगभग 800 से अधिक आम की प्रजातियों का प्रदर्शन किया जाएगा। इसकी जानकारी देते हुए प्रदेश के उद्यान, कृषि विपणन, राज्यमंत्री दिनेश प्रताप सिंह ने बताया कि 4 जुलाई को जनभवन, लखनऊ में आम क्रेता–विक्रेता सम्मेलन का आयोजन किया जाएगा। उद्यान मंत्री ने बताया कि महोत्सव में मेजबान उत्तर प्रदेश के अलावा मध्य प्रदेश, उत्तराखण्ड, छत्तीसगढ़, राजस्थान, गुजरात और महाराष्ट्र के उद्यान विभाग के प्रतिनिधि, प्रगतिशील बागवान और निर्यातक हिस्सा लेंगे। बाइट.....

*यह महोत्सव राज्य भर के किसानों को देश के विभिन्न राज्यों के किसानों को और दुनिया के बहुत सारे लोगों को आमंत्रित करके इस लखनऊ की पावन भूमि पर दुनिया में आम के ग्रोवर्स क्या–क्या काम कर रहे हैं? हमारे राज्य के किसानों को पता चलेगा। भारत के भीतर दूसरे राज्य के किसान आम को बेहतर तरीके से क्या–क्या प्रसंस्करण कर रहे हैं, यह पता चलेगा।*

———————————

## ब्रेक

यह समाचार आप आकाशवाणी लखनऊ से सुन रहे हैं।

ताज़ा समाचार जानने के लिये आप हमारी वेबसाइट न्यूज़ ऑन ए0आई0आर0 डॉट जी0ओ0वी0 डॉट आई0एन0

पर लॉगिन कर सकते हैं। इसके साथ ही आप प्रादेशिक समाचारों का यह बुलेटिन हमारे यूट्यूब चैनल न्यूज ऑन एआईआर लखनऊ पर भी सुन सकते हैं।

——————————

उत्तर प्रदेश शिक्षा सेवा चयन आयोग की ओर से आयोजित हो रही शिक्षक पात्रता परीक्षा यूपीटीईटी–2026 का आज पहला दिन शांति पूर्वक संपन्न हो गया। परीक्षा के दूसरे दिन कल प्रथम पाली में उच्च प्राथमिक स्तर के अभ्यर्थियों की परीक्षा होगी, जबकि दूसरी पाली और 04 जुलाई की प्रथम पाली में प्राथमिक स्तर के अभ्यर्थियों की परीक्षा होगी। आयोग के अध्यक्ष डॉ. प्रशान्त कुमार ने बताया कि, लखनऊ, कानपुर, जौनपुर सहित प्रदेश के 60 जिलों में 955 परीक्षा केंद्रों पर परीक्षाएं हो रही हैं। अध्यक्ष ने कहा कि शासन और आयोग इस परीक्षा को पूरी तरह से पारदर्शी, निष्पक्ष तथा शुचितापूर्ण ढंग से कराने के लिए संकल्पित है। सभी परीक्षा केंद्रों पर कड़ी सुरक्षा व्यवस्था की गई है और सीसीटीवी कैमरे लगाए गए हैं।

——————————

केंद्र सरकार ने भारत में व्हाट्सएप पर यूजरनेम फीचर की शुरुआत करने के मामले में मेटा को नोटिस जारी किया है। सरकार ने विस्तृत जानकारी तीन दिन के भीतर उपलब्ध कराने को कहा है।....

*सूत्रों के अनुसार, मंत्रालय ने मेटा को यह भी निर्देश दिया है कि इस मामले पर परामर्श पूरा होने तक यूजरनेम फीचर शुरू न किया जाए। मंत्रालय ने व्हाट्सएप द्वारा की गई एक सार्वजनिक घोषणा पर संज्ञान लिया है। इस घोषणा में व्हाट्सएप ने भारत सहित वैश्विक स्तर पर चरणबद्ध तरीके से अपने यूज़रनेम फ़ीचर को लागू करने की बात कही थी। व्हाट्सएप ने बताया कि एक बार यह फ़ीचर सक्रिय हो जाने पर, पहली बार संपर्क करने वाले व्यक्ति को प्राप्तकर्ता का फ़ोन नंबर दिखाई नहीं देगा और एक वैकल्पिक यूज़रनेम को अतिरिक्त नियंत्रण के रूप में लगाया जा सकता है। ऐसी आशंकाएं हैं कि इस फ़ीचर से ऑनलाइन धोखाधड़ी, डिजिटल अरेस्ट और साइबर धोखाधड़ी की घटनाएं बढ़ सकती हैं। सकलेन की रिपोर्ट के साथ समाचार कक्ष से मैं मृगनयनी पांडेय।*

———————

**प्रदेश सरकार ने लगातार सातवें वर्ष बिजली दरों में कोई वृद्धि नहीं करने का फैसला लिया है। उत्तर प्रदेश विद्युत नियामक आयोग द्वारा वित्तीय वर्ष 2026–27 के लिए जारी टैरिफ आदेश पर प्रदेश के नगर विकास और ऊर्जा मंत्री ए.के. शर्मा ने कहा कि यह निर्णय प्रदेश की करोड़ों बिजली उपभोक्ताओं के लिए बड़ी राहत लेकर आया है।**

———————

**प्रदेश में मानसून के आगमन से लोगों को भीषण गर्मी से राहत मिली है और राज्य के लगभग सभी हिस्सों में बारिश हुई है। मौसम विभाग ने आगामी तीन दिनों में प्रदेश के पूर्वी और पश्चिमी संभाग में बारिश का अनुमान जताया है। एक रिपोर्ट......**

*दक्षिण–पश्चिमी मानसून मंगलवार से ही आधिकारिक तौर पर उत्तर प्रदेश में दाखिल हो चुका है। ट्रफ लाइन, आज़मगढ़, बरेली और अयोध्या*

*जिलों से होकर गुजर रही है। राज्य के कई हिस्सों में पिछले 24 घंटों में मध्यम से भारी बारिश दर्ज की गई, जिससे लोगों को लंबे वक्त से पड़ रही भीषण गर्मी से राहत मिली। मौसम विभाग ने कई जिलों में भारी बारिश का पूर्वानुमान लगाया है। बाइट....*

*दक्षिण पश्चिम मानसून ने आज आगे बढ़ने के साथ ही संपूर्ण उत्तर प्रदेश को आच्छादित कर लिया है। अगले दो–तीन दिनों के दौरान प्रदेश के दक्षिणी भाग में हल्की से मध्यम वर्षा के साथ–साथ कहीं–कहीं भारी वर्षा होने की संभावना है।*

*ये बारिश किसानों के लिए बड़ी राहत लेकर आई है जो धान की बुवाई में देरी के कारण बेसब्री से मानसून का इंतजार कर रहे थे। सुशील चंद्र तिवारी, आकाशवाणी समाचार, लखनऊ।*

(समाप्त)